मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

# कदम कदम पर

संपादक: छोटेलाल शर्मा

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY

वर्ष - 10 अंक - 11 मुंबई, सोमवार, दिनांक 5 से 11 दिसंबर 2022 पृष्ठ : 4 कीमत : 3 /- रुपये


## महिला कॉन्स्टेबल को गलत तरीके से छूने के लिए शख्स को एक साल की जेल की सजा



**मुंबई:** चलती बस में एक महिला कांस्टेबल को अनुचित तरीके से छूने के लिए 50 वर्षीय व्यक्ति भीमराव गायकवाड़ को बल्लार्ड पियर मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सजा सुनाई थी। सजा के हिस्से के रूप में, अदालत ने आरोपी को एक साल के लिए ''कठोर सजा'' देने का आदेश दिया और उसे मुआवजे के रूप में 1,000 रुपये देने को कहा। मुकदमे के दौरान अदालत ने कहा, ''आजकल महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। अपराध की प्रकृति और रिकॉर्ड में मौजूद सबूतों को देखते हुए, यह पता चला है कि पीड़िता आबकारी विभाग में कार्यरत एक महिला कांस्टेबल है।'' उन्होंने आगे कहा, ''चश्मदीदों के साक्ष्य से यह स्पष्ट है कि आरोपी ने चलती बस में पीड़िता की कमर के नीचे कूल्हे को छुआ है। अभियोजन पक्ष के गवाहों की विश्वसनीयता को हिला देने के लिए केवल इनकार पर्याप्त नहीं है।''

मजिस्ट्रेट बीवी बारावकर ने कहा कि मुकदमे के दौरान आरोपी गायकवाड ने शराब के नशे में होने के संबंध में कोई बचाव नहीं किया, बल्कि सजा सुनाए जाने के समय ही ऐसा किया। नतीजतन, अदालत ने तर्क को खारिज कर दिया।

घटना 9 दिसंबर, 2015 को शाम करीब 5.30 बजे हुई जब आरोपी और पीड़िता मुंबई की बेस्ट बस में सफर कर रहे थे। आरोपी कथित तौर पर पीड़िता के पीछे बैठा था। पीड़िता को दो सीटों के बीच की खाई से कमर के नीचे उसके कूल्हे को छूने वाला हाथ महसूस हुआ। जबकि पहली बार में वह असहज महसूस कर रही थी, उसने तुरंत दूसरी बार अपराधी का हाथ पकड़ा और मदद के लिए चिल्लाई। पीड़िता के चिल्लाने के बाद बस चालक ने पास के एक पुलिस स्टेशन में बस को रोक दिया और आगे की जांच के लिए एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में

## नासिक में आवारा कुत्तों को खाना खिलाने को लेकर हुए विवाद में दो एफआईआर दर्ज




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के नासिक जिले के पंचवटी इलाके में गुरुवार को दो समूहों - एक तरफ एक बुजुर्ग महिला और उसकी बेटी, और दूसरी तरफ उनके पड़ोस के कई निवासी - के बीच विवाद के कारण पुलिस में दो शिकायतें दर्ज की गईं। जहां बुजुर्ग महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि उसे और उसकी बेटी को पीटा गया, वहीं दूसरे समूह के एक व्यक्ति ने भी दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पंचवटी पुलिस ने आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत दंडनीय अपराधों के लिए दो एफआईआर दर्ज की हैं।

## एक किलो सोना, यूएई की करंसी...

# मुंबई एयरपोर्ट पर चकमा देकर ग्वालियर पहुंच गए यूपी के चार लोग

**मुंबई :** मुंबई से तस्करी कर ग्वालियर लाया जा रहा एक किलो से ज्यादा सोना एयरपोर्ट पर पकड़ा गया है। इस मामले में उत्तर प्रदेश के रामपुर के टांडा के रहने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस बरामद सोने की कीमत लगभग साठ लाख रुपए बताई गई है। पुलिस पकड़े गए लोगों से पूछताछ कर रही है। दरअसल, डायरेक्टर रेवेन्यू इंटेलिजेंस केपी सिंह ने एसपी ग्वालियर अमित सांघी को सूचना दी थी। उन्होंने कहा था कि मुंबई से ग्वालियर आने वाली इंडिगो एयर बस की फ्लाइट में कुछ यात्री अवैध रूप से सोना तस्करी करके ला रहे हैं।

इस सूचना पर पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया गया। एयरपोर्ट सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के



असिस्टेंट कमांडेंट कौशलेंद्र सिंह कौल और कस्टम अधिकारी एसके आर्य के साथ समन्वय बनाते हुए चेकिंग शुरू की। मुंबई से आने वाली एयर बस के यात्रियों की चेकिंग शुरू हुई तो चार संदिग्ध दिखे। चारों को अलग कक्ष में ले जाया गया। वहां उनकी तलाशी हुई तो उनके पास से 4 लेड पेंसिल मिलीं, जिसे उन्होंने अपने कपड़े में छुपा कर रखी हुई थी। सोने का कुछ हिस्सा पेस्ट के रूप में पैकिंग करके इन लोगों ने अपने शरीर से चिपकाया हुआ था।

इनमें से सोने को निकालकर जब उसका वजन लिया गया तब वह एक किलोग्राम से ज्यादा निकला। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश के रामपुर के टांडा में रहने वाले चार लोगों को पकड़ा गया है। पकड़े गए लोगों में मोहम्मद अनीस, मंजूर आलम, अनवर अली और रिसालत अली शामिल है।

# मंत्री गुलाराव पाटिल ने दी चेतावनी, गड्ढे में गया मंत्री पद...

**मुंबई :** बीजेपी के नेता एक के बाद एक छत्रपति शिवाजी महाराज को लेकर विवादित बयान दे रहे हैं। राज्यपाल के बयान के बाद पूरे राज्य में रोष व्यक्त किया जा रहा है। अब उसी के आधार पर मंत्री गुलाबराव पाटिल ने कड़ा बयान दिया है। गुलाबराव पाटिल ने कहा कि छत्रपति शिवराय के मामले में किसी 'माय के लाल' को बोलने का अधिकार नहीं है। चाहे राज्यपाल हो या राष्ट्रपति। छत्रपति देवों के देव हैं। उनसे बड़ा कोई नहीं। उन्होंने कहा, 'मंत्री पद गड्ढे में चला जाए तो



भी चलेगा, लेकिन राज्यपाल को बख्शा नहीं जाएगा। जो कोई भी महाराज के बारे में गलत बोलता है, चाहे वह कोई भी हो या किसी भी पार्टी का हो... गलती की कोई माफी नहीं है।'' छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्म स्थान को लेकर बीजेपी नेता प्रसाद लाड ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि शिवराय का जन्म कोंकण में हुआ था। इस विवादित बयान से एक बार फिर प्रदेश के सामाजिक और राजनीतिक माहौल में हड़कंप मच गया है।

# सौरभ कटियार (आईएएस) राष्ट्र पति द्वारा सम्मानित हुए

*__मुंबई,__ युनिक विकलांग प्रमाणपत्र वितरण एवम दिव्यांगों के अधिकार एवम सशक्तिकरण हेतु सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु महाराष्ट्र के अकोला जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौरभ कटियार को राष्ट्र पति द्रौपदी मुर्मू द्वारा केन्द्रीय सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार एवम सामाजिक न्याय राज्य मंत्रीरामदास आठवले की उपस्थिति में विज्ञान भवन,नई दिल्ली में सम्मानित किया एवम सम्मान पत्र प्रदान किया।*



*इस उपलब्धि हेतु मुंबई के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ.बाबुलाल सिंह पटेल, डॉ. हरीश सिंह,बीरेन्द्रपाठक,डॉ.आर. एम.पाल, डॉ.सचिन सिंह,बबिता गुप्ता ,अजय पटेल,एस.के.सिंह, शिक्षा विद चंद्रवीर यादव,विनय शर्मा ह्यदीपह्न,राज कुमार यादव,सुरेंद्र मिश्र, राकेश मिश्रा, दयाशंकर पाल ने बधाई एवम शुभ कामनायें प्रदान किया है।*

## डीसीएम करेंगे पत्रकारों का सम्मान

**मुंबई.** पत्रकार विकास संघ के तत्वावधान में 10 दिसंबर को सुबह 11 बजे से आयोजित सम्मान समारोह में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पत्रकारों को सम्मानित करेंगे.

मालाड पश्चिम के लिंक रोड स्थित होटल साई पैलेस के बैंक्वेट हॉल में संस्था के 14वें स्थापना दिवस पर वरिष्ठ पत्रकारों को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह के निर्धारित राशि का धनादेश प्रदान किया जाएगा. संस्था अध्यक्ष आनंद प्रकाश मिश्र एवं महासचिव अजय सिंह ने बताया कि संस्था पिछले डेढ़ दशक से पत्रकारों को संगठित कर रही है...




## संपादकीय

# कर्नाटक - महाराष्ट्र सीमा विवाद

कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच सीमा विवाद अब इस स्थिति में पहुंच चुका है. कि कर्नाटक के सीएम बसवराज बोम्मई ने महाराष्ट्र सरकार के मंत्रियों को चेतावनी दी कि, अगर महाराष्ट्र के मंत्री मौजूदा परिस्थितियों में कर्नाटक में प्रवेश करने की कोशिश करते हैं, तो उनकी सरकार उचित कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी. दरअसल महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना की गठबंधन सरकार की ओर से नियुक्त किये गए समन्वयक मंत्रियों चंद्रकांत पाटिल और शंभूराज देसाई ने घोषणा की है कि, वे 6 दिसंबर को बेलगावी का दौरा करेंगे. जिसको लेकर कर्नाटक के सीएम बसवराज बोम्मई ने कहा कि संबंधित अधिकारियों को उचित कानूनी कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिये गये है. लिहाजा जो कार्रवाई पहले की गई थी, वही कार्रवाई इस बार भी की जाएगी.


सीएम बोम्मई ने महाराष्ट्र के मंत्रियो को नसीहत देते हुए कहा है कि मौजूदा परिस्थितियों में महाराष्ट्र के मंत्रियों का दौरा उचित नहीं है. क्योकि उनके दौरे से राज्य में कानून व्यवस्था खराब होने की स्थिति पैदा होगी. लिहाजा महाराष्ट्र के मंत्रियों का कर्नाटक जाने का फैसला सही नहीं है. इस स्थिति में महाराष्ट्र के मंत्रियों का दौरा उकसावे की कार्रवाई माना जायेगा. और यह लोगों की भावनाओं को भड़काने जैसा होगा. उन्होंने कहा कि मैं इस संबंध में महाराष्ट्र के सीएम से बात करूंगा.

बताते चलें कि 2004 में, महाराष्ट्र सरकार ने कर्नाटक के चार ज़िलों में बेलगावी शहर और 865 गांवों पर अपने अधिकारों का दावा करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी. जिसको लेकर सीएम बोम्मई का कहना है कि भले ही कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच सीमा विवाद मौजूद है. लेकिन लोगों के बीच सद्भाव है. साथ ही सीएम ने कहा कि महाराष्ट्र राज्य के साथ सीमा विवाद कर्नाटक के लिए एक बंद अध्याय है. लेकिन फिर भी महाराष्ट्र ने सीमा पर रेकी करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है.

उधर कन्नड़ संगठनों ने कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार को चेतावनी दी है कि यदि वह महाराष्ट्र सरकार की ओर से नियुक्त किये गए समन्वयक मंत्रियों के रोकने में विफल रही, तो वे मंत्रियों को रोकेंगे और परिणामों के लिए सरकार को जिम्मेदार होगी. जबकि कर्नाटक कांग्रेस ने कहा है कि, आगामी विधानसभा चुनाव में लाभ लेने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा सरकार द्वारा ड्रामा किया जा रहा है.



गीता जयंती पर आधार जेष्ठ नागरिक संघ वैजापूर के कार्यक्रम पूर्व भगवान का पूजन करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष अशोक पवार khandalkar,



पिमपालगांव महाराष्ट्र में toksiya परिवार के विवाह रीस्पेशन कार्यक्रम में जिवन सेठ toksiya राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना के राष्ट्रीय सचिव गोपालजी jaylwal, नाशिक ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष नंदलाल जी sakla, उपाध्यक्ष दीपक जी निर्वाण, नगर के अध्यक्ष मोहनलाल जी phuldale, महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष अशोक पवार आदी मान्यवर



श्री मधुकर राजे Ardad, कमिश्नर इनके यहां वास्तु शांति कार्यक्रम पर भेट देते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष अशोक पवार।।




धोंडीरामसिंह राजपूत यांना दोस्ती फाउंडेशन अहमदनगरचा 'राज्यस्तरीय कला रत्न पुरस्कार' 4 डिसेंम्बर, 2022 रोजी नागपूर विद्यापीठ चे माजी कुलगुरू डॉ,पठाण, चित्रपट गीतकार बाबासाहेब सौदागर,सिने अभिनेत्री वसुंधरा शर्मा यांच्या हस्ते प्रदान वैजापूर के सामाजिक कार्य में सदैव अग्रेसार, जेष्ठ साहित्यिक,बालकवि, सेवानिवृत्त शिक्षणाधिकारी, पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मेरे मार्गदर्शक मित्र आदरणीय धोंडीराम जी ठाकुर सर इनका अभिनन्दन, बधाई एवं शुभकामनाएं।। - अशोक पवार khandalkar अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन।।



## सदिच्छा भेंटः रामदास आठवले आज डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर के पदचिन्हों पर चल रहे हैं - अकबर हुसेन (राजू भाई)


*भारतरत्न डॉ बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर अपने जीवन के अंतिम क्षणों में भी देश भर के गरीब,दलित और शोषित वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने का हर संभव कोशिश करते रहे।*

*उपरोक्त बातें ट्राम्बे चिता केम्प के समाज सेवक अकबर हुसेन( राजू भाई )ने बान्द्रा( पूर्व )कला नगर स्थित सरकारी अतिथि गृह में केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के ( आठवले ) के संस्थापक अध्यक्ष रामदास आठवले को संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर भव्य और आकर्षक गुलदस्ता देकर उनका स्वागत करने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा।आगे उन्होंने यह भी कहा कि,आज रामदास आठवले सम्पूर्ण देश में भ्रमण के दौरान गोर गरीब लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान के लिए हर सम्भव प्रयास कर रहे हैं।जहाँ भी कहीं दलित समाज के लोगों के उपर अन्याय और अत्याचार की खबर उनको मिलती है।वो तत्काल प्रभाव से अप्रत्यक्ष और कभी कभी प्रत्यक्ष रूप से उनकी मदद करते हैं।वास्तव में एक प्रकार से देखा जाए तो रामदास आठवले इस समय डॉ बाबासाहेब आम्बेडकर के सपनों को पूरा करने के लिए उनके पदचिन्हों पर चल रहे हैं।उनके इसी खासियत के चलते देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनको अपने मंत्रिमंडल में दोबारा शामिल कर के देश की सेवा करने का अवसर प्रदान किया है।*

*फोटोः--कपिलदेव खरवार*



दि.26.11.2022 दिन शनिवार को आयु. सुजाता शर्मा सुपुत्री स्व. पूनम शर्मा एवं श्री मनोहर शर्मा पाल्य श्रीमती ऊषा नंदा एवं श्री एस के पी नन्द का पाणिग्रहण संस्कार आयु. डॉ अनिल सिंह सुपुत्र स्व. माला देवी एवं श्री पारस नाथ सिंह निवासी रामसिंह पुर खोंचवा वाराणसी के साथ अंजलि वाटिका शिवपुर बाई पास वाराणसी मे एक भव्य समारोह मे सकुशल सम्पन्न हुआ जिसमे काफी संख्या मे स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे व बर बधु को स्नेहिल आशीर्वाद दिया



शुभ - विवाह बलवाड़ा (खरगोन) : निवासी श्री विष्णुप्रसाद जी पूरब गोला की सुपुत्री एवं महू निवासी श्री महेश जी दुहारिया के सुपुत्र स्वेता संग रवि दिनांक -02 -12 - 2022 में शुभ -विवाह संपन्न हुवा। इस कार्यक्रम में श्री मोहनलाल जी चांगल, (राऊ, इंदौर) श्री सुनील जी जायलवाल (चिखली ), श्री विष्णु प्रसादजी, श्री महेश जी, श्री चंद्रशेखर जी पुरबगोला परिवार, श्री राहुलजी, श्री बाबूलाल जी सेन, श्री अनिलजी सेन, श्री बंसीलाल जी हर्षवाल (महू, निवासी) श्री विशाल जी बनबेरु (अहमदनगर), श्री रामप्रसाद जी चंदेले (जामनेर), श्री सुभाष जी वर्मा, श्री कैलास जी राही, श्री तेजकरण जी भाटिया एवम सेन समाज राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के समाज बंधु ने वर - वधु को आशीर्वाद प्रधान किया और पूरब गोला परिवार और दुहारिया परिवार बहुत - बहुत, बधाई और शुभकामनाएं ...

# महाराष्ट्र को बांटने की बीजेपी की साजिश: नाना पटोले

**मुंबई :** गुजरात के बीजेपी के कुछ नेताओं के मन में महाराष्ट्र के प्रति हमेशा नफरत है। इसी वजह से अब महाराष्ट्र को बांटने की बात की जा रही है। बीजेपी सोलापुर, सांगली के कुछ गांवों को कर्नाटक से जोड़ने की साजिश रच रही है, ऐसा गंभीर आरोप कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने लगाया। पुणे में पत्रकारों से नाना पटोले बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बीजेपी की यह साजिश कांग्रेस कभी कामयाब नहीं होने देगी। कांग्रेस पार्टी महाराष्ट्र का बंटवारा कभी नहीं होने देगी।

### बीजेपी की पेशवाई को लाने की कोशिश

36वीं पुणे इंटरनेशनल नाइट मैराथन के विजयी प्रत्याशियों को नाना पटोले के हाथों सम्मानित किया गया। इस वक्त पत्रकारों ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के विवादित बयान पर पुछे सवाल पर पटोले ने कहा की, राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने पहले



महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले के बारे में भी विवादित बयान दिया था। उसके बाद छत्रपति शिवाजी महाराज को लेकर विवादित बयान दिया गया है। इन दोनों घटनाओं के बाद कांग्रेस पार्टी ने सार्वजनिक स्टैंड लेते हुए विरोध जताया और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। लेकिन बीजेपी नेतृत्व ने अभी तक इस पर कोई स्टैंड नहीं लिया है। लेकिन वहीं बीजेपी नेताओं के अब तक के बयान से लगता हे की उन्हें पेशवाई लानी है। उन्हें स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि वह पेशवाई के साथ रहना चाहते हैं या शिवशाही के साथ। कांग्रेस पार्टी हमेशा शिवशाही के साथ है, ऐसा भी पटोले ने कहा। बीजेपी को जनता माफ नहीं करेगी

पटोले ने आगे कहा कि बीजेपी लगातार छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान करने का काम कर रही है। यह राज्य की जनता का अपमान है। इसलिए प्रदेश की जनता बीजेपी को कभी माफ नहीं करेगी। छत्रपति शिवाजी महाराज के शब्दों में अभद्र और विचारहीन ईडी सरकार को कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरिके से कडेलोट करेगी। जनता इसके लिए हमारे साथ है, ऐसा पटोले ने कहा। उसके साथ छत्रपति शिवाजी महाराज को लेकर थोड़ा सा भी स्वाभिमान है, तो आज मंत्री, खासदार और विधायक बन गए हैं, क्या वे कुर्सी छोड़ सकते हैं? लेकिन अगर आप छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान सहना चाहते हैं और कुर्सी नहीं छोड़ना चाहते हैं, तो हमें कुछ नहीं कहना है। हम जबरदस्ती नहीं करेंगे, ऐसा भी नाना पटोले ने कहा।

# धर्म परिवर्तन का विरोध करने पर युवक ने याद दिलाया श्रद्धा हत्याकांड, कहा- तुम्हारे 70 टुकड़े कर देंगे




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के धुले शहर के पश्चिम देवपुर थाने में लिव-इन में रहने वाली एक युवती ने अपने साथी के खिलाफ केस दर्ज कराया है. पुलिस के अनुसार आरोपी युवक अपनी पहचान छुपाकर पीड़िता को लम्बे समय से प्रताड़ित कर रहा था. जब आरोपी ने पीड़िता के साथ श्रद्धा हत्याकांड जैसी घटना करने की धमकी दे डाली तब पीड़िता ने पुलिस को इस बात की जानकारी दी.

24 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी अरशद सलीम मलिक उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा था. जबकि आरोपी पहले से शादीशुदा है. उसने 4 अप्रैल, 2016 को पहली बार शादी की. ये बात उसने छिपाई. यहां तक कि आरोपी ने अपनी असली पहचान भी छिपाई.

### असली पहचान छिपा रखा था युवक ने

युवती का आरोप है कि वह उसे महाराष्ट्र के लालिंग ले गया. वहां युवती को आरोपी युवक के असली पहचान के बारे में पता चला. इस पर आरोपी ने युवती के साथ मारपीट की. वहीं उसने वीडियो बनाकर धमकी देनी शुरू कर दी. युवती का आरोप है कि इन सब के बाद अरशद उसे उस्मानाबाद के एक फ्लैट में ले गया. वहां आरोपी के पिता सलीम बशीर मलिक ने भी युवती को प्रताड़ित किया. इसके साथ ही अरशद ने युवती का धर्म परिवर्तन भी करा दिया.

पीड़िता ने बताया कि जब उसने धर्म परिवर्तन का विरोध किया, तब आरोपी युवक ने उसे दिल्ली की श्रद्धा हत्याकांड की याद दिलाई. इतना ही नहीं युवक ने पीड़िता को धमकी देते हुए कहा कि हम तुम्हारे 70 टुकड़े कर देंगे. पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है.

### क्या है श्रद्धा हत्याकांड!

**मुंबई की श्रद्धा वालकर आफताब के साथ दिल्ली के महरौली में एक फ्लैट में लिव-इन में रह रही थी. आरोप है कि आफताब ने 18 मई को श्रद्धा की गला दबाकर हत्या कर दी थी. आफताब के मुताबिक, श्रद्धा उस पर शादी को लेकर दबाव डाल रही थी. आफताब ने इसके बाद श्रद्धा के शव के 35 टुकड़े किए और उन्हें महरौली के जंगलों में अलग अलग दिन फेंका. आफताब फिलहाल जेल में है.**

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
RNI No.:MAHHIN/2014/55126

संरक्षक
**जे.पी.शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
मो.:०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
मो.:०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**श्रीमती कंचन यादव**
**(फैजाबाद, यू.पी.)**
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा (उप संपादक)**
**आर्थिक सलाहकार**
**सतीशचंद्र गुप्ता**
**पंकज (बबलू) यादव**
प्रतिनिधि
**अवनीश कुमार मिश्र**
**(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)**
**सौरभ उमेशप्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
साज सज्जा :
**संतोष तिवारी**
(९७६८३६२०९१)
कानूनी सलाहकार
**एड. बी. एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
(मो.: ९४५२७९१५७०)
(न्याय क्षेत्र मुंबई)
सभी पद अवैतनिक हैं।
वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३
Email : kadamkadampar1@gmail.com
पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# क्यों चरमराई विद्यालयीन व्यवस्था ?

## अरुणिमा मिश्रा,सचिव, आश्रयनिष्ठा वेलफेयर सोसायटी

**विद्यालय** व्यवस्था के असफल होने का एक आधारभूत कारण ये हैं कि वर्तमान में विद्यालय एक ऐसी संस्था बन गए हैं जहाँ बालकों के जीवन का ही संस्थानीकरण हो रहा हैं ' इसका अर्थ हैं कि सभी नागरिक बनाने के लिए उन्हें नियम सिखाए नहीं जाते बल्कि उन्हें नियमों में बाँध दिया जाता हैं ' इसके साथ हो बालकों को ये बताया और सिखाया जाता हैं कि अच्छे और सभी बनने के लिए नियमों का पालन करना ही होगा ' जो नियमों का पालन नहीं करेंगे वह अच्छे बालक और इंसान नहीं होंगे ' नियमों का ये बंधन बालकों के व्यवहारिक जीवन में वैचारिक कट्टरता के रूप में साफ दिखाई देता हैं ' यथा झ आज के समय में बालक व्यक्तिगत व सामाजिक संबंधों को विशुद्ध तर्क के आधार पर देखते हैं वहाँ भावनाओं के लचीलेपन का कोई स्थान नहीं हैं ' इसका परिणाम टूटते परिवार और बिखरते समाज के रूप दिखता हैं ' जो वर्तमान समाज की एक विकट समस्या हैं ' इसे और गहनता से समझने के लिए हमें ये समझना होगा कि वास्तव में विद्यालय नामक संस्था का समाज में अस्तित्व क्यों और कैसे हुआ ? एक नजर देखते हैं '

मानव सभ्यता के आरंभ में व्यक्ति स्वतंत्र था और स्वछन्द रूप से जीवन व्यतीत करता था ' यहाँ स्वछन्द शब्द इसलिए कहा गया कि वास्तव में मानव अपनी मर्जी से जीता था ' उसके व्यक्तिगत या सामाजिक व्यवहार से संबंधित न नियम थे और न कोई व्यवस्था ' ऐसी अवस्था में उसके जीवन में बहुत अव्यवस्था फैल गई जिससे जीवन अराजकता का प्रसार हुआ ' अव्यवस्था और अराजकता के माहौल में व्यक्तियों का जीवन बहुत




असुरक्षित हो गया ' ये असुरक्षा निजी स्तर पर भी थी और सामाजिक स्तर भी '

एक सुरक्षित और स्वस्थ जीवन के लिए यह आवश्यक था कि सभी अपने और एक दूसरे के हित में कुछ बातें या नियम सुनिश्चित कर ले ' कुछ मेधावी वरिष्ठ लोगों ने सर्व सम्मति से ऐसे नियमों का निर्माण किया ' अब प्रश्न उठा कि आने वाली पीढ़ियों को ये नियम शुरू से ही कैसे सिखाएँ जाए जिससे कि सब लोगों का लाभ हो ? इस समस्या का समाधान आया विद्यालय रुपी संस्था के रूप में ' आरंभ में इस संस्था का आधारभूत कार्य था झ बच्चों को समाज में रहने के आवश्यक कायदे कानून व व्यवहार सिखाना जिससे कि बालक समाज के बेहतर नागरिक बन सके ' उस समय-देश-काल की परिस्थितियों में यह एक प्रभावी व अनोखी व्यवस्था के रूप में सामने आया ' विद्यालय नामक इस संस्था ने समाज में एक प्रभावी व्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की ' अगर ये कहा जाए कि विद्यालय (जो समय में गुरुकुल आदि नामों से जाने जाते थे) समाज में व्यवस्था का निर्माण करने व उसे बनाए रखने का आधार स्तंभ थे तो यह कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी ' चाहे एक संगठित परिवार के निर्माण की बात हो या समाज में व्यवहारिक लेन-देन, हर छोटी से छोटी बात के लिए नियम बनते गए और व्यक्ति के जीवन को व्यवस्थित स्वरूप दिया जाने लगा ' मानव सभ्यता के उस दौर में यह व्यक्ति और समाज दोनों की महत्वपूर्ण आवश्यकता थी '

समय के साथ विद्यालय व्यवस्था कठोर होती गई ' यहाँ तक कि एक ऐसा समय भी आया जब सामाजिक व्यवस्था के ही नाम पर समाज में प्रत्येक व्यक्ति के लिए विद्यालय के द्वार बंद कर दिए गए ' विद्यालय वर्ग और समुदाय विशेष के लोगों के लिए सीमित हो गया ' फिर क्रांति का एक दौर चला और पुनः व्यवस्था की दुहाई देकर विद्यालयों में आरक्षण का भी दौर आया ' मतलब व्यवस्था में एक और व्यवस्था ' समय के साथ हर बार समाज के लोगों ने निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए विद्यालय के भीतर अनेक व्यवस्थाओं का निर्माण किया ' धीरे-धीरे विद्यालय एक व्यवस्थाओं का घेरा बन गया जहाँ आज नियम और व्यवस्था न केवल विद्यालय वरन स्वसमाज की घुटन का आधार बन गई हैं '

# डोंबिवली में दमकल कर्मियों की सतर्कता से बची युवक की जान... !

**कल्याण :** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के दमकलकर्मियों की तत्परता और बहादुरी के चलते 12 वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने वाले युवक की जान बच गयी। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की रात करीब आठ बजे डोंबिवली ईस्ट के लोढ़ा कॉम्प्लेक्स स्थित आर्किड एल बिल्डिंग का एक युवक 12 वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने जा रहा था। इस घटना के संबंध में पलावा फायर



स्टेशन में फोन आने के बाद दमकल कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और उदास बैठे अनिकेत को पता चलता उससे पहले उस क्षेत्र में पहुंचकर उसे 12 वीं मंजिल की अर्धखुली छत से सुरक्षित बचा लिया और संभावित हादसा टल गया। जिसके बाद उपस्थित लोगों ने राहत की सांस ली। दमकल विभाग के अधिकारी सुधीर दुशिंग ने बताया कि पुलिस ने उक्त युवक को हिरासत में लिया है और पूछताछ की जा रही हैं, आत्महत्या करने जा रहे युवक की जान बचाने में फायर स्टेशन के अधिकारी सुधीर दुशिंग, विकास चव्हाण, सुरेश गायकर ने पूरी कोशिश की। इसी बिल्डिंग में 27 वर्षीय युवक किराएदार के रूप में रहता था। नौकरी चली गई थी। पत्न ी को छोड़ने के बाद से वह डिप्रेशन में चल रहा था, वह शराब का आदी था। पुलिस जांच में ही पता चलेगा कि वास्तव में हूआ क्या था।



माता पिता के पुण्य तिथि पर कालोया परिवार ने किया सैन महाराज की मूर्ति की स्थापना, राजस्थान, श्री सैंन मंदिर बिसाऊ राजस्थान में सैंन जी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह 4/12/22 को किया गया ये कार्यक्रम स्वर्गवासी श्री केशर देव कालोया और धर्म पत्नी स्वर्गवासी सीता देवी केशरदेव कालोया की पुण्यतिथी पुत्र सुशील कालोया महेश कालोया और विनोद कालोया ने सैंन जी महाराज की मूर्ति भेट कर श्री सैंन महाराज की मुरती की कि स्थापना और स्थापना दिवस पर की विशाल महाप्रसाद का आयोजन निसमे सभी वर्ग के लोगो ने ली महाप्रसाद का लाभ , इस नेक कार्य के लिए कालोया परिवार को बहुत बहुत बधाई।

# आतंकी कसाब से टक्कर लेने वाले जवान जिल्लू यादव का निधन

**वाराणसीः** मुंबई में 26/11 हमले के दौरान छत्रपति शिवाजी टर्मिनल पर आतंकी अजमल कसाब से सीधे भिड़ने वाले आरपीएफ के रिटायर्ड जवान जिल्लू यादव का मंगलवार रात हार्टअटैक से निधन हो गया. कसाब से लोहा लेने वाले आरपीएफ के रिटायर्ड जवान जिल्लू यादव का मंगलवार को निधन हो गया. उनके निधन की सूचना मिलते ही उनके घर पर भीड़ जुट गई.

उनके निधन की सूचना धीरे-धीरे पूरे गांव में फैलती गई और पूरा गांव गम के माहौल में डूब गया. वाराणसी के रहने वाले जिल्लू यादव की जाबांजी की वजह से पूरा गांव चर्चा में आया था और उन्हें अजमल आमिर कसाब से सीधे लोहा लेने के मामले में 2009 में राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मान किया गया था.वाराणसी के चोलापुर थाना क्षेत्र के गोसाईपुर मोहाव गांव के रहने वाले जिल्लू यादव लगभग 70 वर्ष के थे. उन्हें मंगलवार को सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत के बाद अस्पताल ले जाया गया था, जहां पर डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित



कर दिया. देर रात उनकी डेट बॉडी परिवार के लोग लेकर घर पहुंचे. उनके निधन का समाचार मिलते ही लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई. जिल्लू यादव ने अजमल आमिर कसाब के साथ सीधी टक्कर ली थी और उन्हें इस बात का बेहद पछतावा था कि उनके हाथ में उस समय कोई बंदूक नहीं थी, जिससे वह कसाब को अपनी ही गोली का निशाना बना पाते. हालांकि, बाद में जब कसाब को फांसी की सजा हुई तो उन्होंने इस पर खुशी भी जाहिर की थी.

बता दें कि 26/11 हमले के दौरान जिस वक्त शिवाजी टर्मिनल पर कसाब अपने साथियों के साथ 303 राइफल से गोलियां बरसा रहा था. उस वक्त जिल्लू यादव ने डंडे के बल पर इन सभी को खदेड़ा था और कसाब से सीधी टक्कर भी ली थी. उस वक्त जिल्लू यादव ने अपने साथी जीआरपी के जवान से मैगजीन खाली होने के बाद उसे फिर से लोड कर रहे कसाब पर गोलियां चलाने के लिए भी कहा था. लेकिन, जब जीआरपी जवान हिम्मत नहीं जुटा पाया तो उसकी राइफल लेकर जिल्लू ने आतंकियों पर फायर किया था. लेकिन, बाद में राइफल जाम होने के कारण वह आतंकियों को ढेर नहीं कर पाए.

इस बात का उन्हें काफी मलाल भी था. लेकिन, जिल्लू ने उस वक्त आतंकियों को पहले डंडा और फिर वहां पड़ी कुर्सी फेंककर मारी थी. इसके बाद काफी देर तक कसाब और उसके साथी आरपीएफ सब इंस्पेक्टर जिल्लू यादव के साथ सीधी टक्कर लेते रहे और थक गए और बाद में वहां से भाग खड़े हुए. वाराणसी के रहने वाले जिल्लू यादव मुंबई में पत्नी लालमणि देवी, बेटे अशोक और राकेश के साथ रहते थे. रिटायरमेंट के बाद वाराणसी आ गए थे. इस घटना के बाद उनका हर तरफ सम्मान हुआ और सरकार ने भी उन्हें सम्मानित किया था.

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की यात्रा को लेकर प्रशासन हुआ हाई अलर्ट बंगाल से पहुंची सुरक्षा टीम

**पुष्कर / (हरिप्रसाद शर्मा)** तीर्थराज पुष्कर में 6 दिसंबर को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रस्तावित यात्रा को देखते हुए प्रशासन हाई अलर्ट हो गया है ।शनिवार को बंगाल से भी सुरक्षा टीम पुष्कर पहुंच गई है ।यह जानकारी देते हुए एसडीएम सुखाराम पिंडेल और सीओ ग्रामीण इस्लाम खान ने बताया कि बंगाल से सुरक्षा टीम ने ब्रह्मा मंदिर ,पवित्र सरोवर के ब्रह्म घाट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया ।ममता बनर्जी का 6 दिसंबर को सांय को करीब 4:00 बजे पुष्कर पहुंचने का कार्यक्रम है ।सबसे पहले जगतपिता ब्रह्मा मंदिर के दर्शन कर ,तत्पश्चात पवित्र सरोवर



की पूजा -अर्चना का कार्यक्रम बताया जाता है ।जिस वजह से घाट पर भी सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया है । 6 दिसंबर को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी किशनगढ़ एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से रवन्ना होकर पहले अजमेर दरगाह की ज़ियारत करने जायेगी ।दरगाह जियारत के बाद सड़क मार्ग से ही पुष्कर पहुंचेगी ।और जगतपिता ब्रह्मा मंदिर के दर्शन करने के बाद, पवित्र सरोवर की पूजा करेगी ।ममता बनर्जी की यात्रा को देखते हुए प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाई अलर्ट कर दिया है वहीं व्यवस्थाओं को अंजाम देने में जुटा हुआ है ।

# पुष्कर विकास, सौंदर्यीकरण पर 500 करोड़ से अधिक खर्च पर चर्चा– धारीवाल

**जयपुर/ (हरिप्रसाद शर्मा)** विश्व के प्रमुख तीर्थस्थलों में शामिल धार्मिक नगरी पुष्कर में पर्यटन के विकास के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री धर्मेंद्र राठौड़ की पहल पर शासन सचिवालय में स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में पुष्कर में पर्यटन को बढ़ावा देने, विकास एवं सौंदर्यकरण के साथ 24 कोसी परिक्रमा को सुगम एवं सरल बनाने के लिए 500 करोड़ से अधिक के विकास कार्य पर चर्चा की गई ।



निगम अध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि समीक्षा बैठक में पुष्कर सरोवर में गंदे पानी की आवक रोकने के लिए पर्याप्त बजट, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 400 सीटर ऑडिटोरियम बनाने, डेस्टिनेशन मैरिज को बढ़ावा देने के लिए 100 कमरों का पुष्कर यात्री निवास बनाने, नगर पालिका पुष्कर के सभी वार्डों में आंतरिक सीसी सड़क एवं इंटरलॉकिंग, वार्डों में नाली एवं नाला बनाने, स्ट्रीट लाइट के लिए अंडरग्राउंड केवल एवं पोल लगाने, उपखंड कार्यालय के पीछे प्रस्तावित पार्क के पास आधुनिक स्टेडियम बनाने, मेला ग्राउंड में विकास कार्य, सरोवर के घाटों का सौंदर्यीकरण, संतोषी माता की ढाणी के पास लोहार बस्ती से बड़ी बस्ती श्मशान तक सीवरेज नेटवर्क सीवेज ट्रीटमेंट का निर्माण, जयपुर रोड, नागौर रोड पर प्रवेश द्वार, पुष्कर के प्रवेश द्वारों का सौदर्यीकरण, घर-घर कचरा संग्रहण के लिए 18 आटो टीपर एवं 2 लिफ्टर खरीदने, भूमिगत कचरा पात्र के रखरखाव एवं निस्तारण के लिए क्रेन खरीदने सहित विभिन्न विकास कार्यों, घाटों पर नए चेंजिंग रूम का निर्माण, टूरिस्ट विलेज का सौंदर्यीकरण, सभी घाटों का एक समान रंग रोशन सहित कई प्रस्तावों पर चर्चा की गई। राठौड़ ने बताया कि आने वाले बजट में पुष्कर में विकास की गंगा बहेगी।

# मुंबई के जोगेश्वरी विक्रोली लिंक रोड पर मॉर्गन स्टेनली के वीपी ने एक मोबाइल चोर को दौड़ाकर पकड़ा.




**मुंबई :** मुंबई के जोगेश्वरी विक्रोली लिंक रोड में पर उस समय एक फिल्मी नजारा देखा गया जब मॉर्गन स्टेनली समूह के उपाध्यक्ष (वीपी) ने अचानक ही उनका मोबाइल छीनकर भाग रहे एक चोर का पीछा करने के बाद उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया. पवई पुलिस के अनुसार ये घटना बुधवार शाम को हुई. जब एक 41 वर्षीय वीपी ने मुंबई की सड़क पर एक मोबाइल फोन चोर का पीछा किया और उसे पकड़ लिया. घटना के समय मॉर्गन स्टेनली समूह के उपाध्यक्ष सुधांशु निवसरकर गोरेगांव के हब मॉल से एक ऑटो रिक्शा लेकर अपने घर जा रहे थे. जोगेश्वरी विक्रोली लिंक रोड पर एनएसजी बेस के पास ट्रैफिक जाम के बाद ऑटो को रोकना पड़ा. सुधांशु निवसरकर जाम हटने का इंतजार कर रहे थे. वे ऑटो-रिक्शा में बैठे हुए अपने बाएं हाथ में अपना सेल फोन पकड़े हुए थे. तभी एक मोबाइल चोर ऑटो के करीब आया और उनका फोन छीन लिया. वह तेजी से भागने लगा. इसके बाद निवसरकर फौरन ऑटो से कूद गए और चोर का पीछा करने लगे. कई मिनट पीछा करने के बाद मॉर्गन स्टेनली के वीपी ने चोर को पकड़ लिया और आरोपी से भिड़ गए. इसके बाद भी आरोपी ने फिर से भागने की कोशिश की. फिर भी निवसरकर ने लुटेरे को पकड़े रखा और उसी समय पीछा करने वाले राहगीर भी मदद के लिए दौड़ पड़े. उन्होंने चोर को जमकर पीटा. निवसरकर ने मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया और मामले की जानकारी दी.

पुलिस ने आरोपी को पुलिस हिरासत में ले लिया और उसके पास से निवसरकर का फोन बरामद किया. चोर की पहचान पवई के साकी विहार रोड निवासी 32 वर्षीय सागर ठाकुर के रूप में हुई है.

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१ ३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com